# कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि.रा.रा.मा.खण्ड,उदयपुर

**क्रमांकः– / 2022–23 /** 491 **दिनांक :–** 19/1/23

**निविदा सूचना संख्या 06 / 2022–23**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क कार्य के लिये निर्धारित निविदा प्रपत्र में ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है एवं निविदा प्रपत्र में उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार / रेल्वे / इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न सक्षम श्रेणी के संवेदकों हो, से निर्धारित निविदा प्रपत्र में ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया के तहत ऑन लाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| कार्यो की संख्या | : | 01 |
| अनुमानित लागत | : | 9.70 लाख |
| ऑन लाईन निविदा फार्म प्राप्त करने की तिथि | : | 20.01.2023 से 30.01.2023 प्रातः 11.00 बजे तक |
| ऑन लाईन निविदा फार्म जमा कराने की अन्तिम तिथि | : | 30.01.2023 प्रातः 11.00 बजे तक |
| सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ता कार्यालय में निविदा प्रपत्रों से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेजों जमा कराने की दिनांक | : | 31.01.2023 प्रातः 11.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तारीख | : | 31.01.2023 प्रातः 11.00 बजे |
| निविदा वैधता अवधि | : | 90 दिवस |

निविदा से सम्बन्धित अन्य आवश्यक विवरण सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की वेब साइट **https://eprocure.gov.in/ cppp portal** पर देखें जा सकते है।

अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि.रा.रा.मा. खण्ड, उदयपुर

# कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि.रा.रा.मा.खण्ड,उदयपुर

क्रमांकः– / 2022–23 / दिनांक :–

## निविदा सूचना संख्या 06 / 2022–23

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से "**सड़क कार्य**" के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई–टेन्डरिंग प्रकिया द्वारा ऑनलाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है।

| क. स. | कार्य का नाम | निविदा राशि | धरोहर राशि | | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2% | ½ % | |
| 1 | Valuation of structures, trees & others within ROW for the work Up-gradation to 2 lane with paved shoulder from Neechli Oden (Nathdwara) at Design km 88.800 (existing km 55.95) to Bhatewar at Design Km 142.028 (Existing km 0.00) of NH-162E in the State of Rajasthan on EPC mode. **CALA Mavli, Vallabhnagar, Rajsamand** | रू. 9.70 लाख | 19400 | 4850 | **60 दिन** |

निविदा बिक्री एवं प्राप्ति कार्यालय का नाम अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. रा.रा.मा. खण्ड, उदयपुर
निविदा प्रपत्रों को वेब साईट **https://eprocure.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है। इन निविदाओं में भाग लेने वाले संवेदक निविदा को इलेक्ट्रोनिक फारमेट में वेबसाईट **https://eprocure.gov.in** पर जमा कराऐं ।
निविदा हेतु पात्र संवेदको की श्रेणी :
किसी भी सीमा तक : एए श्रेणी , संवेदक
रूपये 300 लाख तक :ए श्रेणी , संवेदक
रूपये 150 लाख तक : बी श्रेणी, संवेदक
रूपये 50 लाख तक : सी श्रेणी, संवेदक

1–धरोहर राशि निविदा प्रपत्र में दर्शाई गई कुल अनुमानित लागत की दो प्रतिशत होगी एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों से धरोहर राशि पी डब्ल्यु एफ एण्ड ए आर के नियमानुसार सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि. राउमा खण्ड **उदयपुर** के नाम देय होगी। एफ.डी.आर. स्वीकार्य नहीं होगी।

2–निविदा प्रपत्रों हेतु आवेदन / डाउनलोड की अवधि दिनांक 20.01.2023 प्रातः 9.00 बजे से 30.01.2023 को प्रातः 11.00 बजे तक होगी ।
3–(अ) निविदा प्रपत्र इलेक्ट्रोनिक फॉरमेट में बेव साईट **https://eprocure.gov.in** / cppp portal पर अन्तिम तिथि 30.01.2023 को प्रातः 11.00 बजे तक जमा कराये जा सकते है एवं प्राप्त तकनीकी निविदायें, इलेक्ट्रोनिक फॉरमेट में बेवसाईट **https://eprocure.gov.in** / cppp portal पर संबंधित कार्यालय में दिनांक 31.01.2023 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी। यदि किसी कारणवश उस दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदायें खोली जायेगी।
(ब) निविदा की समस्त प्रकिया ऑन लाइन होगी ।
(स) निविदा खोलने की तिथि को किसी कारणवश यदि सारी निविदाऐं नहीं खोली जा सकती है तो उसके अगले कार्य दिवस शेष निविदाऐं खोलने का कार्य जारी रखा जायेगा ।
4– कार्य करने हेतु कार्य स्थल उपलब्ध है ।
5– कार्यो के सम्मुख उपरोक्तानुसार वर्णित कार्यालय में संवेदक द्वारा दिनांक 20.01.2023 प्रातः 9.00 बजे से 30.01.2023 को प्रातः 11.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में निविदा प्रपत्र को देखा जा सकता है अथवा वेबसाईट **https://eprocure.gov.in/** cppp portal **(eprocurement)** **https://eprocure.gov.in/** cppp portal **(epublishing)** भी देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्रों में निविदाकर्ता के लिए योग्यता सूचना तथा निविदाकर्ता की पात्रता, प्लान, स्पेसिफिकेशन, ड्राइंग विभिन्न कार्यो की मात्रा एवं दरों का विवरण, नियम, **शर्ते** एवं अन्य विवरण वर्णित है ।
6– निविदादाता द्वारा निविदा से सम्बन्धित समस्त दस्तावेज इस कार्यालय में दिनांक **31–01–2023** को प्रातः 11.00 बजे तक व्यक्तिगत उपस्थित होकर जमा कराना आवश्यक है ।
7–निविदा खोलने की दिनांक से 90 दिवसों तक निविदा स्वीकृति हेत मान्य **(open)** रहेगी । यदि निविदाकर्ता उस अवधि में अपनी निविदा अथवा शर्तो में किसी प्रकार का संशोधन करता है अथवा अपनी निविदा वापस ले लेता है तो राजस्थान सरकार वित्त (सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम) विभाग के परिपत्र कमांक एफ.2(1)वित्त / जीएण्डटी–एसपीएफसी / 2017 जयपुर दिनांक 23.12.2020 के द्वारा जारी प्रावधान के अनुसार कार्यवाही की जाएगी ।
8– यदि संवेदक का नजदीकी रिश्तेदार (प्रथम रक्त सम्बन्धी व उनके पति / पत्नी) कार्य से सम्बन्धित वृत्त अथवा अधीनस्थ कार्यालय में खण्डीय लेखाकार अथवा सहायक अभियन्ता से लेकर अधीक्षण अभियंन्ता स्तर का किसी भी स्तर पर पदस्थापित हो तो उसके कार्य पर नियुक्त करने पर प्रतिबन्ध रहेगा।

9–राज्य सरकार में किसी भी अभियांत्रिकी विभाग में किसी भी इंजीनियर अथवा इंजीनियरिंग या प्रषासनिक कार्य पर नियुक्त राजपत्रित अधिकारी राज्य सरकार की अनुमति के बिना सेवा निवृति के 2 वर्ष तक संवेदक अथवा उसके कर्मचारी के रूप में कार्य नहीं कर सकेगें । यदि संवेदक अथवा उसके कर्मचारियों में कोई ऐसा व्यक्ति जिसने राज्य सरकार की उक्त लिखित अनुमति निविदा जमा कराने से पहले अथवा संवेदक के यहॉ सेवाऐं लेने से पहले अनुमति नहीं ली है तो अनुबन्ध रद्द किया जा सकेगा।

10– किसी भी निविदा को स्वीकार करने एवं बिना कारण बताये निरस्त करने के समस्त अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित है । आर. पी. डब्ल्यू. ए–100 की समस्त शर्ते मान्य होगी।

11–कार्य का दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाइबिलिटी पिरीयड) का उत्तरदायित्व नियमानुसार रहेगा ।

12–निविदादाता को फर्म का जीएसटी रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है।

13–**ई–टेन्डरिंग के लिए निविदा दाता हेतु निर्देश**

अ–इन निविदाओं में भाग लेने वाले निविदा दाता निविदा प्रपत्रों का इन्टरनेटसाईट **https://eprocure.gov.in** / cppp portal से डाउनलोड **(Download)** कर सकते है ।

ब–निविदाओं में भाग लेने वाले निविदादाताओं को इन्टरनेट साईट **https://eprocure.gov.in**/ cppp portal पर रजिस्टर करवाना होगा । ऑनलाइन निविदा में भाग लेने के लिए डिजिटल सार्टिफिकेट इनफोरमेशन टेक्नोलॉजी एक्ट 2000 के तहत प्राप्त करना होगा जो इलेक्ट्रोनिक निविदा में साइन करने हेतु काम आयेगा । निविदा दाता उपरोक्त डिजिटल सर्टिफिकेट सी सी, (CCA) द्वारा स्वीकृत एजेन्सी से प्राप्त कर सकते है। जिन निविदा दाताओं के पास पूर्व में वैध डिजिटल सर्टिफिकेट है, नया डिजिटल सर्टिफिकेट लेने की आवश्यकता नहीं है ।

स– निविदा दाताओं को निविदा प्रपत्र इलेक्ट्रोनिक फार्मेट में उपरोक्त वेबसाइट पर डिजिटल साइन के साथ प्रस्तुत करना होगा । जिसके प्रस्ताव डिजिटल साइन के साथ नहीं होगें , उनके प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेगें । कोई भी प्रस्ताव अकेले भौतिक फार्म में स्वीकार्य नहीं होगा ।

द–इलेक्ट्रोनिक निविदा प्रपत्रों को जमा कराने से पूर्व निविदादाता यह सुनिश्चित कर लेवे की निविदा प्रपत्रों से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्केन कॉपी निविदा प्रपत्रों के साथ संलग्न कर दी गयी है।

य– कोई भी ऑनलाईन जमा कराने में किसी कारण से लेट हो जाता है तो उसका जिम्मेदार विभाग नहीं होगा ।

र– संवेदक निविदा के साथ अपलोड की गई मूल टेंडर फीस रसीद, धरोहर राशि हेतु डी. डी. वैद्य जीएसटी रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र,व इसी निविदा से संबंधित मूल शपथ पत्र इत्यादि भौतिक रूप में निर्धारित तिथि एवं समय पर इस कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य है।

15– टेंडर फीस भारत कोष पोर्टल (www.bharatkosh.gov.in) के माध्यम से रिजनल पे एण्ड अकाउन्टस ऑफिसर, सड़क एवं परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, जयपुर राशि रू. 1000/– ऑनलाइन जमा होंगी ।

**Name of Ministry**- MORTH
**Controller Code**- 024
**Name of PAO**- RPAO Jaipur, **PAO Code**:- 034975, DDO Code:- 234977

अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि.रा.रा.मा. खण्ड, उदयपुर

क्रमांकः– अधि.अभि. / एन.एच / 2022–23 / डी– दिनांक :

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1. श्रीमान मुख्य अभियन्ता (रा.रा.मार्ग), सार्वजनिक निर्माण विभाग, राजस्थान, जयपुर
2. श्रीमान मुख्य अभियन्ता एवं रीजनल ऑफिसर, मोर्थ , जयपुर।
3. श्रीमान अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, उदयपुर / बॉसवाडा।
4. श्रीमान अधीक्षण अभियन्ता, सा.नि.वि. (रा.रा.मार्ग), वृत उदयपुर।
5. अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि. रा.रा.मार्ग खण्ड. ..............................
6. अध्यक्ष, ठेकेदार संघ, सा.नि.वि. परिसर बांसवाडा / उदयपुर।
7. सहायक लेखाधिकारी / तकनीकी सहायक / आडिटर राउमा / खंजाची कार्यालय हाजा।

अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि.रा.रा.मा. खण्ड, उदयपुर

Signature Not Verified
Digitally signed by Bhupendra Kumar
Date: 2023.01.20 15:10:54 IST
Location: eProcure-EPROC